कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-05.09.2024

विषयः- **एक नफर बाल अपचारी (वाहन चोर) थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से चोरी की 01 अदद स्कूटी बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 333/24 धारा 303(2), 317(4) भा0न्या0सं0 थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वां16 वर्षीय बाल अपचारी को आज दिनांक-05.09.2024 समय 08.40 बजे डी.एम. कम्पाउण्ड के पीछे वरूणा नदी के किनारे थाना कैण्ट जनपद वाराणसी से एक अदद चोरी की स्कूटी के साथ पकड़ लिया गया जिसके सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- बाल अपचारी ने पूछताछ पर बताया कि यह जो स्कूटर मोटर साइकिल मेरे पास है यह चोरी की है जिसे मैने दिनांक 31.08.2024 को पं0 दीन दयाल राजकीय चिकित्सालय की पार्किंग से चोरी किया था। मै यहां पर अपने एक मित्र का इंतजार कर रहा था कि आप लोगों ने मुझे पकड लिया।

घटना का विवरण- दिनांक 04.09.2024 को वादिनी मुकदमा श्रीमती बेबी जायसवाल पत्नी मुरारी जायसवाल सलारपुर रसूलगढ़ थाना सारनाथ जनपद वाराणसी द्वारा थाना कैण्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी स्कूटी चोरी कर ली गयी है जिसके आधार पर थाना कैण्ट में मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत हुआ जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री धर्मचन्द्र द्वारा सम्पादित की जा रही है।

बाल अपचारी का विवरण-

उम्र करीब 16 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

एक अदद स्कूटी HONDA CLIQ रजि0 नं0- UP65 CW5405

अभिरक्षा में लेने का स्थान, दिनांक व समय- डी.एम. कम्पाउण्ड के पीछे वरूणा नदी के किनारे थाना कैण्ट जनपद वाराणसी से दिनांक 05.09.2024 को समय करीब 08.40 बजे

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 333/24 धारा 303(2), 317(4) भा0न्या0सं0 थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी

पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 धर्मचन्द्र थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अभिषेक सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 बृजबिहारी ओझा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 सचिन कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 मनीष तिवारी थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।